आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 24.05.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :—

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नई दिल्ली में नीति आयोग की शासी परिषद की दसवीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे हैं।
- रिजर्व बैंक बोर्ड ने वित्त वर्ष 2024—25 के लिए केंद्र सरकार को 2 लाख 68 हजार करोड़ रुपये से अधिक के रिकॉर्ड लाभांश हस्तांतरण को मंजूरी दी।
- हेमकुण्ड साहिब यात्रा के लिये सिख श्रद्धालुओं का पहला जत्था पंज प्यारों की अगुवाई में गोविन्दघाट गुरुद्वारा परिसर से रवाना हुआ।
- आदि कैलाश यात्रा को अधिक सुविधाजनक और व्यवस्थित बनाने के लिए पिथौरागढ़ जिला प्रशासन तैयारियों में जुटा।

नीति आयोग बैठक

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में नीति आयोग की शासी परिषद की दसवीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे हैं। बैठक में विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री, केंद्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपाल, केंद्रीय मंत्री तथा नीति आयोग के उपाध्यक्ष, सीईओ और सदस्य भी मौजूद हैं। इस वर्ष की बैठक का विषय है— विकसित भारत के लिए विकसित राज्य— 2047.......

भारतीय रिजर्व बैंक

भारतीय रिजर्व बैंक के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2024—25 के लिए अधिशेष के रूप में दो लाख 68 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि केंद्र सरकार को हस्तांरित करने की मंजूरी दे दी है। मुंबई में रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता में बोर्ड की बैठक में यह निर्णय लिया गया। बोर्ड ने घरेलू और वैश्विक आर्थिक स्थिति की समीक्षा करते हुए वर्ष 2024—25 के लिए बैंक की वार्षिक रिपोर्ट और वित्तीय विवरणों को भी स्वीकृति दी। यह बैंक का सरकार को दिया गया अब तक का सबसे अधिक लाभांश हस्तांतरण है।

समाज कल्याण बैठक

सामाज कल्याण योजनाएं एवं अनुश्रवण समिति के प्रदेश उपाध्यक्ष देशराज कर्णवाल ने अल्मोड़ा में समाज कल्याण विभाग के माध्यम से संचालित अनुसूचित जाति जनजाति से संबंधित योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, बाल विकास, मनरेगा, पशुपालन और कृषि विभाग के अधिकारियों से अनुसूचित जाति जनजाति वर्गों के विकास के लिए भौतिक प्रगति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में 200 शिविर लगाए जाएंगे, जिनके माध्यम से पात्र लोगों को विभागीय योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा।

लखवाड़ प्रभावित बैठक

टिहरी के जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में जिला सभागार नई टिहरी में लखवाड़ बांध प्रभावित काश्तकार संघर्ष समिति की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान परियोजना प्रभावित काश्तकारों ने जिलाधिकारी के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं। जिसमें अधिकृत भूमि की धनराशि को बढ़ाने, परियोजना के लिए नई भूमि के अधिकरण, प्रभावितों की परिसंपत्तियों का सर्वेक्षण, राजस्व ग्रामो का विस्थापन, कृषि मजदूरी में वृद्धि, रोजगार के लिए आरक्षण, प्रभावितों के बच्चों को तकनीकी शिक्षा आदि शामिल थीं। जिलाधिकारी ने धनौल्टी के एसडीएम को संबंधित विभागों से समन्वय कर समय निर्धारित करते हुए एक माह में सभी जगह का सर्वेक्षण कर रिपोर्ट प्राप्त कर, उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने कंपनी को कुशल और अकुशल कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए समिति से संपर्क करने और बच्चों के साक्षात्कार लेने के निर्देश भी दिये।

हेमकुण्ड साहिब यात्रा

चमोली जिले में हेमकुण्ड साहिब यात्रा के लिये सिख श्रद्धालुओं का पहला जत्था आज पंज प्यारों की अगुवाई में पवित्र निशान साहिब के साथ गोविन्दघाट गुरुद्वारा परिसर से रवाना हुआ। इस जत्थे में लगभग चार हजार श्रद्धालु शामिल हैं, जो आज देर शाम घांघरिया पहुंचेंगे। रात्रि विश्राम के बाद कल सुबह यह जत्था घांघरिया से रवाना होगा और लगभग पूर्वाह्न दस बजे हेमकुंड साहिब पहुंचेगा। इसके बाद इस वर्ष की पहली अरदास होगी और हेमकुंड साहिब के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। जिला प्रशासन ने यात्रा के लिए सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए हैं। पूरे यात्रा मार्ग पर, खासतौर से पहले जत्थे के साथ कड़ी पुलिस सुरक्षा तैनात की गई है, ताकि श्रद्धालुओं की सुरक्षित और व्यवस्थित यात्रा सुनिश्चित की जा सके।

प्रशासन और गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के सहयोग से यात्रा का आयोजन शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से सुनिश्चित करने के लिए सभी जरूरी प्रबंध किए गए हैं।

आदि कैलाश बैठक

पिथौरागढ़ जिले में पवित्र आदि कैलाश यात्रा को व्यवस्थित, सुरक्षित और श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से आदि कैलाश विकास समिति ग्राम सभा कुटी के पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने की। इस दौरान यात्रा को लेकर विभिन्न निर्णय लिये गये।

बैठक में यह सहमति बनी कि समिति, वाहनों से, पहले से तय 100 रुपये प्रति वाहन ग्रीन टैक्स और सुविधा शुल्क वसूला करेगी, जिसके लिए प्रशासन से अनुमति आवश्यक होगी।

यात्रियों की सुविधा के लिए ज्यौलिंकांग से पार्वती कुण्ड तक तीन वाहनों की शटल सेवा शुरू की जाएगी, जिसमें वृद्ध और शारीरिक रूप से असमर्थ श्रद्धालुओं को प्राथमिकता दी जाएगी।

साथ ही, यात्रा में केवल स्वस्थ घोड़ों–खच्चरों के संचालन की अनुमति होगी। इनके लिए टैगिंग, सैम्पलिंग और बीमा अनिवार्य होगा तथा मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से स्वास्थ्य प्रमाणपत्र लेना जरूरी होगा। ये सेवाएं स्थानीय लोगों द्वारा ही उपलब्ध कराई जाएंगी। घोड़े–खच्चर सेवा के लिए दो हजार पांच सौ रुपए का शुल्क निर्धारित किया गया है, जिसकी सूची यात्रा मार्ग पर प्रदर्शित की जाएगी।

जिलाधिकारी ने यात्रा के सफल संचालन और स्थानीय आजीविका संवर्धन के लिए ग्रामीणों से प्रशासन के साथ सहयोग बनाए रखने का आह्वान किया है। उन्होंने सभी से अपील की, कि यात्रा के दौरान कानून–व्यवस्था का पालन करें और अतिथि देवो भवः की भावना से श्रद्धालुओं को सम्मान और सुविधा प्रदान करें।

गंगी गांव बिजली

टिहरी जिले में भिलंगना विकासखंड के सीमांत गांव गंगी में आजादी के बाद बिजली पहुंचने से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। इसके अलावा गांव में भारत संचार निगम लिमिटेड द्वारा मोबाइल टावर लगाने का कार्य भी प्रगति पर है। ऊर्जा निगम ने करीब चार माह के भीतर गंगी गांव में बिजली की लाइन पहुंचाई। अब गांव में बिजली के कनैक्शन लगने शुरू हो गए हैं। गांव की 6 तोकों में करीब 250 परिवार निवासरत हैं। टिहरी के जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने बताया कि सीमांत गांव गंगी के विकास के लिए राज्य सरकार लगातार काम कर रही है।

स्थानीय निवासी निवासी केदार बर्थवाल ने कहा कि सीमांत गांव गंगी में सड़क, बिजली और संचार सुविधा होने से इस क्षेत्र को पर्यटन के रूप में  नई पहचान मिलेगी।